झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

कक्षा 11 (सत्र 2024-26) के लिए नियमित एवं स्वतंत्र रूप से पंजीकृत होने वाले छात्र/छात्राओं के पंजीयन के संबंध में आवश्यक सूचना

विज्ञप्ति संख्या - 41/2024

एतद् द्वारा राज्य के सभी कोटि के +2 विद्यालयों/इंटर महाविद्यालयों के सत्र 2024-26 के वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 में नियमित एवं स्वतंत्र रूप से सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्राओं, अभिभावकों एवं प्राचार्यों को सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा हेतु पंजीयन प्रपत्र एवं वर्ष 2025 की कक्षा 11 की परीक्षा हेतु परीक्षा प्रपत्र को निम्न वर्णित शर्तों के अनुरूप लिया जाएगा :-

ऑनलाइन पंजीयन प्रपत्र एवं बैंक में शुल्क संबंधी चालान जमा करने की तिथि का निर्धारण निम्नवत् है :-

	ऑनलाइन प्रपत्र भरने की तिथि	चालान जेनरेट करने की अंतिम तिथि	ऑनलाइन या RTGS/NEFT के माध्यम से शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि
विलम्ब शुल्क रहित	30.11.2024 से 16.12.2024 तक	16.12.2024	18.12.2024
विलम्ब शुल्क सहित	17.12.2024 से 21.12.2024 तक	21.12.2024	23.12.2024

नोट :- दिनांक 16.12.2024 के बाद जेनरेट होनेवाले सभी चालान विलम्ब शुल्क के साथ जेनरेट होंगे। ऊपर निर्धारित तिथि के पश्चात् फॉर्म भरने से संबंधित कोई भी कार्रवाई नहीं की जाएगी।

ऑनलाइन पंजीयन परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in/jac/ के माध्यम से +2 विद्यालय/इंटर महाविद्यालय द्वारा किया जाएगा। पंजीयन एवं परीक्षा प्रपत्र भरने की प्रक्रिया, आवश्यक दिशा-निर्देश एवं शुल्क विवरणी वेबसाइट पर उपलब्ध होगा, जिसके अनुरूप +2 विद्यालय/इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य आवेदन प्रपत्र भरेंगे। पंजीयन एवं परीक्षा आवेदन प्रपत्र +2 विद्यालय/इंटर महाविद्यालय द्वारा संधारित List of Student (LoS) प्रपत्र के अनुसार ही भरा जायेगा। किसी भी प्रकार की त्रुटि होने की स्थिति में इसके लिए +2 विद्यालय/इंटर महाविद्यालय प्राचार्य एवं नोडल पदाधिकारी जिम्मेवार माने जायेंगे।

- वैसे +2 विद्यालय/इंटर महाविद्यालय, जिन्हें **Login ID** एवं **Password** प्राप्त नहीं है या वे प्रथम बार पंजीयन की कार्रवाई कर रहे हैं, **Login ID** एवं **Password** के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से परिषद् कार्यालय में अनुरोध करेंगे।
- कक्षा 11 की परीक्षा OMR sheet के माध्यम से आयोजित की जाएगी। प्रश्न बहुवैकल्पिकीय **(MCQ)** प्रकृति के होंगे।
- जिन छात्र/छात्राओं के पंजीयन की अवधि अधिकतम तीन वर्ष समाप्त हो चुकी हो, अर्थात् जिनका पंजीयन वर्ष 2021 (सत्र 2020-22) या उससे पूर्व हो, उन्हें नये रूप से पुनः पंजीयन (Fresh registration) कराना अनिवार्य होगा तथा कक्षा 11 की परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होना आवश्यक होगा। कक्षा 11 की परीक्षा, 2025 में उत्तीर्ण होने के पश्चात् ही ऐसे छात्र/छात्रा इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 के लिए पात्र होंगे।

अध्यक्ष के आदेश से,
ह./- सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।

ज्ञापांक- JAC/गो./3262/24/SECY/1267/24
दिनांक- 28.11.2024, D.O.P: 29.11.2024